हरियाणा जागरण

पानीपत, 22 अप्रैल 2011

दैनिक जाग

टीडीआइ ने पानीपत में इंडीपेंडेंट फ्लोर किए लांच

टीडीआइ सिटी की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में संबोधित करते महाप्रबंधक अमन मेहरा।

पानीपत, जागरण संवाद केंद्र : रियल एस्टेट की दिग्गज कंपनी टीडीआइ ने माई फ्लोर्स नाम से इंडीपेंडेंट फ्लोर्स लांच किए। इससे पहले टीडीआइ सिटी कुंडली और मोहाली में माई फ्लोर्स लांच कर चुकी है। यह जानकारी टीडीआई ग्रुप के महाप्रबंधक अमन मेहरा ने पत्रकारवार्ता में दी।

जागरण बिजनेस

मेहरा ने बताया कि माई फ्लोर्स टाउनशिप के मुख्य ब्लाक में बनाया जा रहा है। इसमें तीन बेडरूम की ये यूनिटें जी प्लस टू के ढांचे में है। इनका निर्माण आधुनिक सुविधाओं के साथ किया गया है। इनमें हवा के साथ-साथ कुदरती रोशनी का पूरा ध्यान रखा गया है। इन फ्लोर्स के पास ही शॉपिंग सेंटर, हेल्थ केयर और एकेडमिक संस्थाएं खोली जाएंगी। मेहरा ने बताया कि इन फ्लोर्स में ग्राउंड फ्लोर का लॉन एरिया 300 वर्ग फुट का है, दूसरे फ्लोर की इकाई में 900 वर्ग फुट की छत के पूरे अधिकार दिए गए है। इस तरह हर यूनिट में प्राइवेसी का ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि टाउनशिप का विकास तेजी पर है और हमने कई प्लाट के कब्जे भी दे दिए है। कुछ विला कब्जा देने के लिए तैयार हो चुके है। टीडीआइ सिटी 300 एकड़ में फैला हुआ है।

इसमें हेल्थ केयर सेंटर, प्राइमरी तथा हायर सेकेंडरी स्कूल, मनोरंजन सेंटर, हरे भरे पार्क और कमर्शियल कांप्लेक्स की सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जा रही है।

रेलवे ब्रिज शीघ्र : टीडीआइ ग्रुप के महाप्रबंधक अमन मेहरा ने बताया कि नया रेलवे ब्रिज शीघ्र बनाया जा रहा है। 19 अप्रैल को ब्रिज की बिड हो गई है। टाउनशिप में सीवरेज, सड़क का काम पूरा हो चुका है।

21 लाख से बुकिंग शुरू : टीडीआइ ने बृहस्पतिवार को लांच किए गए फ्लोर्स की कीमत 21 से 23 लाख रुपये रखी है। टाउनशिप के विकसित होने में देरी पर प्रबंधकों का कहना है कि रेलवे ब्रिज की स्वीकृत देरी से मिलने के कारण ऐसा हुआ है, लेकिन टीडीआइ सिटी कालोनी में आधारभूत सुविधाएं पूरी हो चुकी है। अब दो माह में प्लाट की रजिस्ट्री भी होना शुरू हो जाएगी। टीडीआइ को माडल टाउन से जोड़ा जाएगा। जीटी रोड से टीडीआई सिटी की दूरी एक किमी पड़ती है।